# D

SL. No. : N

**CCE PR**
**UN-REVISED**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 64 ]
Total No. of Questions : 64 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H**

**Code No. : 06-H**

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2018 ]
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ]

[ Date : 22. 06. 2018
[ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
[ Max. Marks : 125

### *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 92 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. दिलावर खाँ और रहमान बेग को पुरुषोत्तम कहाँ बिठाते हैं ?
2. राज्य में क्या फैल गया था ?
3. रुपये के अनुसार सबकी शरण छोड़कर किसकी शरण म जाना चाहिए ?
4. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी है ?
5. गाँधीजी ने अपनी माता से क्या प्रतिज्ञा की ?
6. केवट के अनुसार श्रीराम के पैर की धूल में कौन-सी शक्ति है ?
7. मीरा का वैद्य कौन है ?
8. अज्ञेयजी ने किससे हरियाली माँगी ?
9. बड़े भाई साहब प्रेमचन्दजी से कितने साल बड़े थे ?
10. प्रभाकरजी के अनुसार हमारे राष्ट्रीय चरित्र की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या है ?
11. आज के युग को किस नाम से संबोधित किया जाता है ?
12. अहिल्या के अनुसार किसके साथ भोजन करने से धर्मभ्रष्ट हो जायेगा ?
13. वेंकटरावजी के अनुसार सबसे बड़ी आजादी कौन-सी है ?
14. शरीर पर नियंत्रण रखना हो, तो हमें क्या करना चाहिए ?
15. सूरदासजी के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम लिखिए ।
16. किसने जगत् को तीन पग से छोटा किया था ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. पानी पीने के संबंध में कौन-कौन से नियम बनाये हैं ?
18. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।
19. राष्ट्रीय बालाश्रम नीति कब बनी और उसके अनुसार बालक की परिभाषा क्या है ?
20. आजकल नारी किन-किन क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है ?
21. कुटिया कहाँ बनी हुई है और उसकी रखवाली कौन कर रहा है ?
22. किन-किन की शोभा देखनी चाहिए ?
23. पिछड़ा आदमी सचमुच में पिछड़ा था । क्यों ?
24. टाइम टेबल बनाने से प्रेमचन्दजी को क्या समस्या हुई थी ?

25. विज्ञान मानव के लिए वरदान है – समर्थन कीजिए ।

26. व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ?

27. चम्पारन की समस्या क्या थी और गाँधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया ?

28. माँ-बाप विकलांग बच्चों को क्यों त्याग देते हैं ?

29. चन्द्रमा की किरणें कहाँ-कहाँ पर बिछी हैं ?

30. बालकृष्ण शर्माजी किस बात का वर्णन नहीं करना चाहते हैं ?

31. सब कैसे सोते थे और उस समय पिछड़ा आदमी क्या करता था ?

32. लाहौर से सहारनपुर वाली यात्रा में यात्रियों में किस बात की बहस छिड़ी थी ?

III. निम्न वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $6 \times 3 = 18$

33. ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

34. ''पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

35. ''मैं तो मेरे नारायण की .................................. कहैं कुलनासी रे ।''

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

36. ''मजहब नहीं सिखाता .......................................... बैर रखना ।''

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

37. ''परिवार की रीढ़ की हड्डी नारी ही है ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

38. सबसे उधार माँगा सबने दिया ........................................ सब तो है जीवन ।

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि के बारे में लिखिए : $2 \times 3 = 6$

39. हरिशंकर परसाई जी

i) जन्म काल :

ii) कृतिया :

iii) विशेष जानकारियाँ :

40. तुलसीदास जी :

i) जन्म काल :

ii) कृतियाँ :

iii) विशेष जानकारियाँ :

V. कवि और कविता का नाम लिखते हुए पद्यांश को पूर्ण कीजिए : 4

41. राग से ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.............................................................................. अपनी चाल ।

**अथवा**

आसरा मत ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................................................... में राग ।

VI. निम्नलिखित कवि और कविता के नाम लिखते हुए पद्यांश का भावार्थ लिखिए : 4

42. ज्यों तिल माँही तेल है, ज्यों चकमक में आगि ।
तेरा साई तुज्झ में, जागि सकें तो जागि ।।
जिनि ढूँढ़ा तिनि पाइयाँ, गहरे पानी पैठि ।
हौ बौरी डूबन डरी, रही किनारे बैठि ।।

**अथवा**

इतने तुम धनी हो,
तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं
सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा ।

VII. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर **सात-आठ** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

43. अपने शब्दों में रुपये की महानता का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

44. कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या-क्या किया ?

**अथवा**

भारतीय नारी का आदर्श स्पष्ट कीजिए ।

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **सात-आठ** वाक्यों में लिखिए : 4

45. माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ?

## विभाग "B"

## व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

46. 'बादशाह' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) बेगम (B) बैंगन

(C) बादशाही (D) बादशाहत ।

47. 'जवान' शब्द का भाववाचक रूप है

(A) जवानीपन (B) जवानीयत

(C) जवानी (D) जवानापन ।

48. 'उन्नति' शब्द का विलोम रूप है

(A) अनुन्नति (B) अवनति

(C) अनति (D) अवनती ।

49. 'सहयोग' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है

(A) सह (B) सही

(C) स (D) योग ।

50. 'वन' शब्द का तद्‌भव रूप है

(A) कन (B) मन

(C) बन (D) सन ।

51. किशन अभी घर गया । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(A) विशेषण (B) क्रिया विशेषण

(C) क्रिया (D) सर्वनाम ।

52. 'अगोचर' शब्द में रेखांकित अक्षर है

(A) विसर्ग (B) अनुस्वार

(C) दीर्घ स्वर (D) ह्रस्व स्वर ।

53. 'लड़की' शब्द का अन्य वचन रूप है

(A) लकड़ियाँ (B) लड़कियों

(C) लड़कियाँ (D) लड़कीयाँ ।

54. किसमें धातु रूप है ?

(A) खाना (B) खा

(C) खिलाना (D) खिलवाना ।

55. कौन शब्द-युग्म का उदाहरण है ?

(A) पेड़-पौधे (B) सर-सर

(C) टण-टण (D) जल्दी-जल्दी ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. इत्यादि : यण् संधि :: पुरुषोत्तम : ........................................ ।
57. पंचवटी : द्विगु समास :: गुण-दोष : .................................... ।
58. दिल्ली : व्यक्तिवाचक संज्ञा :: पर्वत : ................................. ।
59. कर्म कारक चिह्न : को :: अपादान कारक चिह्न : ............................ ।

XI. छन्द पहचानकर लक्षण लिखिए : 3

60. पद पखारि जल पान करि, आपु सहित परिवार ।

XII. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए : 3

61. चाचा ने चाची को चाँदी की चम्मच से चटनी चटाई ।

## विभाग "C"
## रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) वार करना —
अर्थ :
प्रयोग :
(b) गगन —
अर्थ :
प्रयोग :

XIV. 63. पत्र लेखन : 5

पढ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

64. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :
i) सदाचार
ii) आतंकवाद
iii) राष्ट्रीय भावैक्य ।